सत्यमेव जयते


लोक निवास
दिल्ली–११००५४
LOK NIWAS
DELHI-110054



D.O. No. LN/2026/196
Dated: 20.07.2026



**तरनजीत सिंह संधू**
**उपराज्यपाल**
**Taranjit Singh Sandhu**
**Lt. Governor**


## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि **उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी** की संस्था **"सरबत दा भला",** अपने नाम के अनुरूप धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर, समाज के सभी वर्गों के हितार्थ कार्य कर रही है। इसके लिए मैं, उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी और इस संस्था को बधाई देता हूँ। हमारे गुरुओं की वाणी सदैव हमें सरबत दा भला, अर्थात समस्त मानवजाति के कल्याण के लिए प्रेरित करती है।

आपके पत्र से मुझे ज्ञात हुआ है कि यह संस्था युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख एवं डिजिटल सशक्तिकरण और हरित भारत के लिए जनजागरण अभियान जैसे कार्य भी कर रही है, जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विचारों से प्रेरित हैं। इसके लिए आप सभी प्रशंसा के पात्र हैं।

मैं, आशा करता हूँ कि आपकी यह संस्था भविष्य में सबके कल्याण के लिए अपने कार्यक्षेत्र में विस्तार करेगी और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**"वाहे गुरु दा खालसा, वाहे गुरु दी फतेह"**

तरनजीत

**(सरदार तरनजीत सिंह संधू)**